# प्रादेशिक समाचार

## दिनांक– 12.02.2026 (दोपहर–1310 बजे)

## मुख्य समाचार

1. **कोल्हान क्षेत्र में झामुमो को बड़ा झटका, पूर्व मंत्री दुलाल भुइयां भाजपा में होंगे शामिल, कहा– प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विचारों ने किया प्रेरित।**

2. **राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने सभी जिलों के उप निर्वाचन पदाधिकारियों के साथ की बैठक, मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण को लेकर दिये कई निर्देश।**

3. **राज्य के सभी 48 नगर निकाय क्षेत्रों में चुनाव प्रचार ने पकड़ी रफ्तार, उम्मीदवारों ने जनसंपर्क अभियान पर लगाया जोर, प्रशासनिक गतिविधियां भी तेज।**

4. **झारखंड कर्मचारी चयन आयोग ने स्नातक स्तरीय तकनीकी परीक्षा 2023 का जारी किया शेड्यूल, 15 फरवरी से 2 मार्च तक होंगी परीक्षाएं।**

5. **रांची के उभरते बैडमिंटन खिलाड़ी नीरज ने अपने प्रदर्शन के दम पर हासिल की वैश्विक पहचान, प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय स्पोर्ट्स ब्रांड विक्टर ने किया स्पांसर।**

*********************

जमशेदपुर के कद्दावर नेता और पूर्व मंत्री दुलाल भुइयां जल्द ही भाजपा में शामिल होने जा रहे हैं। खबरों के अनुसार, वे महाशिवरात्रि के दिन आधिकारिक रूप से भाजपा का दामन थामेंगे। दुलाल भुइयां का भाजपा में जाना कोल्हान क्षेत्र में झामुमो के लिए एक बड़ा झटका माना जा रहा है। उन्होंने कहा कि वे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विचार से प्रभावित होकर भाजपा की सदस्यता ग्रहण कर रहे हैं।

*********************

नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने हेमंत सोरेन सरकार पर दुमका के जामा में बड़े पैमाने पर अवैध बालू खनन का आरोप लगाया है। उनका दावा है कि पुलिस और प्रशासन की मिलीभगत से बालू खुलेआम पश्चिम बंगाल तस्करी की जा रही है, जिससे राज्य को राजस्व की हानि हो रही है।

*********************

केंद्रीय गृह मंत्रालय द्वारा वंदे मातरम और जन गण मन को लेकर जारी नई गाइडलाइंस पर झारखंड में तीखी बहस छिड़ गई है। भाजपा प्रवक्ता प्रतुल शाह देव ने केंद्र सरकार के नए दिशानिर्देशों का स्वागत किया है।

इधर, राज्य की कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने इसे दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए कहा कि भाजपा देश के असली मुद्दों से ध्यान भटकाने के लिए राष्ट्रवादी प्रतीकों का राजनीतिकरण कर रही है।

*********************

राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने आज सभी जिलों के उप निर्वाचन पदाधिकारियों के साथ बैठक कर मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण कार्य की समीक्षा की। उन्होंने अन्य राज्यों से सत्यापन के लिए प्राप्त हो रहे मतदाताओं के दस्तावेजों का त्वरित निरीक्षण कर ससमय प्रतिवेदन भेजने का निर्देश दिया। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने अब्सेंट, शिफ्टेड, डिलीटेड एवं डुप्लीकेट मतदाताओं की सघन जांच, पैतृक मैपिंग तथा ब्लर फोटो के मामलों के शीघ्र निष्पादन पर बल दिया। बैठक में ईसीआईनेट के माध्यम से बुक ए कॉल विथ

बीएलओ सुविधा के प्रभावी उपयोग तथा बीएलओ ऐप से साफ तथा रंगीन फोटो अपलोड करना सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए।

*********************

राज्य के 48 नगर निकायों में होने वाले चुनावों के लिए प्रचार अभियान अब अपने चरम पर है। सरायकेला–खरसांवा जिले में उम्मीदवारों ने घर–घर जाकर जनसंपर्क तेज कर दिया है। और जानकारी दे रहे हैं हमारे संवाददाता।

*********************

झारखंड कर्मचारी चयन आयोग ने स्नातक स्तरीय तकनीकी परीक्षा 2023 का शेड्यूल जारी कर दिया है। पेपर वन और टू की परीक्षा 15 से 21 फरवरी तक और पेपर थ्री की परीक्षा 24 फरवरी से 2 मार्च तक होगी। अभ्यर्थी 13 फरवरी से जेएसएससी की आधिकारिक वेबसाइट पर अपना एडमिट कार्ड डाउनलोड कर सकेंगे।

*********************

कोडरमा पुलिस ने चंदवारा के मोहगांव में चल रही अवैध मिनी शराब फैक्ट्री का भंडाफोड़ किया है। एसपी अनुदीप सिंह की सूचना पर हुई इस छापेमारी में भारी मात्रा में नकली अंग्रेजी शराब, झारखंड उत्पाद विभाग के फर्जी स्टिकर, केमिकल और खाली बोतलें बरामद की गई हैं। पुलिस ने मौके से दो लोगों को हिरासत में लिया है।

*********************

रांची पुलिस ने चुटिया क्षेत्र में वाहन से छह लोगों को कुचलने के आरोपी चालक अतुल को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने वाहन को जब्त कर लिया है और अतुल के फरार साथियों की तलाश जारी है।

*********************

घरेलू शेयर बाजार के संवेदी सूचकांक, सेंसेक्स के शुरूआती कारोबार में आज लगभग आधा प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई। अंतिम समाचार मिलने तक सेंसेक्स 455 अंक लुढ़ककर 83 हजार 779 जबकि निफ्टी 123 अंक की गिरावट के साथ 25 हजार 830 पर था।

*********************

राजधानी रांची के सर्राफा बाजार में आज 22 कैरेट सोने की कीमत एक लाख 47 हजार 4 सौ रूपये प्रति दस ग्राम है, जबकि चांदी की कीमत 2 लाख 76 हजार रूपये प्रति किलो है।

*********************

रांची के उभरते हुए बैडमिंटन खिलाड़ी नीरज को प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय स्पोर्ट्स ब्रांड विक्टर ने स्पॉसर किया है। विक्टर दुनिया के शीर्ष बैडमिंटन ब्रांड्स में से एक है, जो ताइवान की कंपनी है। इस प्रायोजन के तहत नीरज को उच्च गुणवत्ता वाले खेल उपकरण और वित्तीय सहायता प्राप्त होगी, जिससे उन्हें अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाने में मदद मिलेगी। नीरज ने अपनी मेहनत और प्रदर्शन के दम पर यह वैश्विक पहचान हासिल की है, जो राज्य के अन्य युवा खिलाड़ियों के लिए भी प्रेरणा है।

*********************